प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा सीटों के लिए मतगणना जारी, अब तक रूझानों में एनडीए दो सौ बिरानबे और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी 2 सौ 32 सीटों पर आगे।

2- झारखंड के 14 लोकसभा सीटों के मिले रूझान में एनडीए को दस और इंडी गठबंधन को चार सीटों पर बढ़त प्राप्त।

3- कोडरमा में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी चल रही हैं आगे तो खूंटी में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा पीछे, भाजपा की सीता सोरेन और निशिकांत दुबे, झामुमो के विजय हांसदा और जोबा मांझी को बढ़त।

4- गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा से झामुमो की कल्पना सोरेन लगभग पांच हजार वोटों से चल रही हैं पीछे।

*********************

पांच सौ 43 लोकसभा सीटों के लिए चल रहे मतगणना के ताजा रूझानों में एनडीए दो सौ नवासी सीटों पर आगे चल रही है, जबकि इंडी गठबंधन के दो सौ 35 उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। इसमें भारतीय पार्टी के दो सौ 35 उम्मीदवार अभी तक लीड ले रखी है, वहीं कांग्रेस के 98 उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंदियों के मुकाबले आगे चल रहे हैं। वहीं 19 सीटों पर अन्य आगे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले में एनडीए को 65 सीटों पर नुकसान हो रहा है तो इंडी गठबंधन को 1 सौ सोलह सीटों का फायदा होता दिख रहा है। वहीं भारतीय जनता पार्टी को उनहतर सीटों को और कांग्रेस को 46 सीटों का फायदा हो रहा है।

*********************

पांच सौ 43 लोकसभा सीटों के लिए मतगणना जारी है। ताजा रुझानों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वारणसी सीट से आगे चल रहे हैं तो कांग्रेस के राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं भाजपा के अमित शाह, राजनाथ सिंह, नारायण शिंदे, नितिन गडकरी, रवि किशन, पीयुष गोयल, बांसुरी स्वराज, रविशंकर प्रसाद, कंगना रानौत और धर्मेंद प्रधान अपने प्रतिद्वन्दियों से आगे चल रहे हैं, जबकि अमठी में कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा से भाजपा की स्मृति ईरानी पीछे चल रही हैं। वहीं भाजपा की मेनका गांधी और गिरिराज सिंह पीछे चल रहे हैं।

*********************

प्रदेश के चौदह मतगणना केंद्रों में मतों की गिनती हो रही है। राजमहल लोकसभा सीट के लिए साहिबगंज, कोडरमा सीट के लिए गिरिडीह, गिरिडीह सीट के लिए बोकारो, सिंहभूम सीट के लिए चाईबासा और लोहरदगा सीट के लिए गुमला में मतगणना केंद्र बनाया गया है। राजमहल सीट के लिए तेईस, दुमका सीट के लिए चौबीस, गोड्डा सीट के लिए छब्बीस, चतरा सीट के लिए सताईस , कोडरमा सीट के लिए सताईस, गिरिडीह सीट के लिए उन्नीस, धनबाद सीट के लिए पच्चीस, रांची सीट के लिए बीस, जमशेदपुर सीट के लिए इक्कीस, सिंहभूम सीट के लिए चौबीस, खूंटी सीट के लिए सोलह, लोहरदगा सीट के बीस, पलामू सीट के लिए बाईस और हजारीबाग सीट के लिए पच्चीस राउंड तक मतों की गिनती होगी।

*********************

राज्य में 14 लोकसभा सीटों के लिए हो रही मतों की गिनती के ताजा रूझान में एनडीए से 10 और इंडी गठबंधन 4 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इसे लेकर मतदान केन्द्रों में किस तरह का माहौल देखने को मिल रहा है। इसकी जानकारी के लिए हम सीधे चलते हैं अपने संवाददाताओं के पास ।

साउण्ड बाईट – डेफर्ड लाइव – 2 मिनट 28 सेकेण्ड

और अब आगे बढ़ते हैं समाचारों के साथ

*********************

झारखंड में चौदह लोकसभा सीटों के मिले ताजा रुझानों में एनडीए 10 सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि ईंडी गठबंधन के प्रत्याशी 4 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। इसमें भारतीय जनता पार्टी नौ सीटों पर और उसकी सहयोगी आजसू एक सीट पर आगे है। वहीं ईंडी गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा औऱ कांग्रेस को दो दो सीटों पर लीड मिली हुई है। इस तरह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में एनडीए गठबंधन को दो सीटों का नुकसान और इंडी गठबंधन को दो सीटों का फायदा होता दिख रहा है। इधर, सभी चौदह मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना जारी है. आज देर शाम तक सभी सीटों के अंतिम परिणाम मिल जाने की संभावना है। राज्य में इस बार 13 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि इसकी सहयोगी आजसू एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 7, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 5, राष्ट्रीय जनता दल ने एक और सीपीआई– एमएल ने एक सीट के लिए अपनी चुनावी दावेदारी पेश की है। इसके अलावा बहुजन समाज के तीन उम्मीदवार हैं जबकि 211 निर्दलीय प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला आज होना है ।

********************

इधर ताजा रूझानों में कोडरमा सीट से केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को पन्चानबे हजार से ज्यादा मत मिल चुके हैं और वे अपने प्रतिद्वंदी सीपीआई एमएल के विनोद सिंह से बियालीस हजार से ज्यादा वोटों से आगे चल रही हैं। वहीं खूंटी सीट से केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्य़ाशी अर्जुन मुण्डा अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के कालीचरण मुण्डा से 56 हजार से ज्यादा मतों से पीछे चल रहे है। कालीचरण मुंडा को अबतक जहां एक लाख छियतर हजार के लगभग मत मिले हैं, वहीं अर्जुन मुंडा को एक लाख 19 हजार वोट आए हैं। दुमका सीट से भाजपा की सीता सोरेन को अबतक एक लाख सात हजार वोट मिल चुके है और वे 13 हजार मतों से झामुमो के नलिन सोरेन पर बढ़त बनाई हुई है। गोड्डा में कांग्रेस के प्रदीप यादव पर भाजपा के निशिकांत दूबे को लगभग पांच हजार मतों की बढ़त प्राप्त है। निशिकांत दूबे को अभी तक एक लाख 56 हजार और प्रदीप यादव को एक लाख इक्यावन हजार मत मिले हैं। चतरा में भाजपा के कालीचऱण सिंह ने कांग्रेस के केएन त्रिपाठी पर लगभग तेरह हजार वोटों मतों की लीड ले रखी है। रांची सीट से भाजपा के संजय सेठ को अभी तक एक लाख 95 हजार सात सौ अस्सी वोट मिले हैं और उन्हें कांग्रेस की यशस्विनी सहाय पर उनसठ हजार नौ सौ साठ मतों की बढ़त प्राप्त है। धनबाद में कांग्रेस की अनुपमा सिंह पर भाजपा के ढुलू महतो ने लगभग 47 हजार मतों की बढ़त ले ली है। जमशेदपुर में भाजपा के विद्युत वरण महतो एक लाख चालीस हजार मतों से झामुमो के समीर मोहंती पर बढ़त बना लिए हैं। लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत को भाजपा के समीर उरांव पर करीब 27 हजार मतों की बढ़त प्राप्त है। पलामू से भाजपा के वीडी राम राजद की ममता भुईंया से लगभग एक लाख चार हजार और हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल को कांग्रेस के जेपी भाई पटेल पर 57 हजार से ज्यादा वोटों से बढ़त प्राप्त है।

********************

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह के कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाए गए मतगणना केन्द्र में मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू हो गई है। यहां से झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा से लगभग दो हजार दो सौ वोटो से पीछे चल रही हैं। दिलीप वर्मा को अब तक नौ हजार तीन सौ से ज्यादा वोट मिले हैं वहीं कल्पना सोरेन को सात हजार के लगभग मत मिले हैं।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय – ईडी ने कल ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने उन्हें टेंडर कमीशन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए दूसरी बार कार्यालय बुलाया था। ईडी की ओर से उनके चल और अचल संपति के संबंध में सवाल पूछे गए। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले मामले में पिछले महीने छह मई को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के आवास सहित उनके नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की थी।

*********************

लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड इलाके में हाथियों के झुंड से लोग दहशत के माहौल में हैं. और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता

साउंड बाइट–गोपी कृष्ण कुंवर, लोहरदगा – 52 सेकेण्ड

*********************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों में एक अरब 34 करोड़ 75 लाख रुपए की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की है। इसमें लगभग 46 करोड रुपए नकद, साढ़े चार करोड रुपए की अवैध शराब, 69 करोड रुपए के मादक पदार्थ, एक करोड रुपए से ज्यादा के बहुमूल्य मेटल और 15 करोड रुपए के अन्य वस्तु शामिल हैं। हालांकि, जांच के उपरांत 7 करोड़ 65 लाख रुपए की सामग्री और नगदी रिलीज कर दी गई।

*********************

राज्य के लगभग 35 हज़ार सरकारी विद्यालयों में इको क्लब के माध्यम से इस मॉनसून पांच लाख से अधिक फलदार पेड़ लगाए जाएंगे। इसके तहत सभी प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम दस, मध्य विद्यालयों में बीस और उच्च विद्यालयों में तीस पेड़ लगाने का लक्ष्य है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को राशि उपलब्ध करा दी है। परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि इको क्लब की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक हज़ार श्रेष्ठ विद्यालयों को एमडीएम योजना के तहत पांच हज़ार रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी ।

*********************

गुमला जिला के सदर थाना स्थित रांची– गुमला मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, एक बच्ची की हालत गंभीर है। यह हादसा एक यात्री बस और कार के बीच सीधी टक्कर से हुआ। सभी मृतक कार में सवार थे।

उधर जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह के समीप बीती रात एक बेकाबू ट्रक ने तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती किया गया है।

*********************

झारखंड में आज चौदह लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

*********************

झारखंड में फिलहाल गर्मी से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। मौसम विभाग ने बताया है कि पूरे राज्य में सात जून तक हीट वेव का असर रहेगा। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। बताया गया है कि आज गढ़वा, पलामू और चतरा में गर्मी बढ़ेगी और हीट वेव का ज्यादा असर रहेगा। वहीं मौसम विज्ञान केन्द्र ने कल रांची, रामगढ़, कोडरमा और हजारीबाग जिले में हीट वेव को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त************